ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 07-02-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-02-07 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-02-08	2023-02-09	2023-02-10	2023-02-11	2023-02-12
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	28.0	29.0	31.0	31.0	29.0
न्यूनतम तापमान(से.)	13.0	15.0	18.0	15.0	13.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	38	25	34	44	33
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	14	11	12	15	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	9.0	11.0	16.0	13.0	15.0
पवन दिशा (डिग्री)	100	184	220	81	51
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 28.0 से 31.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 13.0 से 18.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम शुष्क रहने की सम्भावना को देखते हुए, किसान भाई गेहूं, चना, सरसों, ईसबगोल, जीरा आदि फसलों की क्रांतिक अवस्थाओं पर सिंचाई अवश्य करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में दिन व रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने के साथ आसमान साफ़ रहने की संभावना हैं।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरे की फसल में बीज बनने की अवस्था पर हल्की सिंचाई करें। फसल में एफिड कीट का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण हेतु डाइमिथोएट 30 ईसी. एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से या ऐसीफेट 75 एस.पी. 750 ग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।
लहसुन	लहसुन में थ्रिप्स कीट (पर्ण जीवी कीट) के प्रकोप की सम्भावना है। यह कीट पत्तियों से रस चूसता है जिससे पत्तिया कमजोर पड़ जाती है तथा हानि वाले स्थान पर सफेद चकतें पड़ जातें है। इस कीट के

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
	नियंत्रण हेतु मिथाइल डिमेटोन 25 ई.सी. एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
भिण्डी	ग्रीष्मकालीन भिण्डी की फसल के लिए खेत तैयार करे जुताई के समय खेत में देशी खाद 25 टन प्रति हैक्टेयर की दर से डालें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	कुष्माण्ड कुल की ग्रीष्मकालीन सब्जियों की बुवाई हेतु खेत तैयार करें अन्तिम जुताई के समय 20-25 टन देशी खाद प्रति हैक्टेयर की दर से खेत में डालें।
सामान्य सलाह	अगर खेत में खरपतवार दिखाई दे तो उसे हटा दें क्यों की यह समय खरपतवारों के बीज बनने का समय है। अगर खरपतवारों को हटा दिया जाए तो अगले वर्ष खरपतवारों के नियंत्रण में आसानी होगी।